# BABA PSYCHQ

(A Unit of Kamal Lok Kalyan Samiti)

Follow us on

12 Aug 2023



B.N. Dubey
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

SSC | BANK | RAILWAY | AIRFORCE

NAVY | NDA | पुलिस | Other Competitive Exam

Save this Number
9431436233
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : Dalluchak, Near Dr. Keshav Babu's Clinic, Khagaul, Patna

Contact : 9431436233, 9304291333

## 12 अगस्त का इतिहास

- **1765 :** मुगल शासक ने ईस्ट इंडिया कंपनी को बंगाल, बिहार और उड़ीसा की दीवानी सौंपी। इसे राजनीतिक और संवैधानिक इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है।
- **1602 :** बादशाह अकबर के मंत्री अबुल फजल की हत्या हुई।
- **2003 :** संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत और इजराइल के बीच फाल्कन सौदे को मंजूरी दी।
- **1962 :** पहली बार एक साथ दो लोग अंतरिक्ष में गए।
- **1960 :** नासा ने अपना पहला सफल संचार उपग्रह ईको ए प्रक्षेपित किया

## 12 अगस्त से संबंधित करेंट अफेयर्स

- बिहार में बाघों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि के बाद राज्य सरकार अब गैंडों के संरक्षण के लिए राइनो टास्क फोर्स गठित करने की तैयारी कर रही है। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक ओर मुख्य वन्यजीव वार्डन पीके गुप्ता ने बताया कि मौजूदा समय में पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि बाघ अभयारण्य में केवल एक गैंडा और पटना चिड़ियाघर में 14 गैंडे हैं। गुप्ता ने कहा कि गैंडा संरक्षण योजना के दोबारा शुरू होने के बाद वीटीआर में गैंडों की संख्या में काफी वृद्धि होगी।
- अमित शाह ने पुणे में केंद्रीय सहकारी समिति रजिस्ट्रार कार्यालय का डिजिटल पोर्टल लॉन्च किया। डिजिटल पोर्टल का मुख्य उद्देश्य पूरी तरह से कागज रहित अनुप्रयोगों को लागू करना, सॉफ्टवेयर के माध्यम से बहु-राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम और नियमों का स्वचालित अनुपालन सुनिश्चित करना और डिजिटल संचार सुनिश्चित करना हैं। यह भारत में सहकारी आंदोलन को बढ़ावा देगा और सहकार से समृद्धि के विजन का समर्थन करेगा। सहकारी पोर्टल आवेदनों और सेवा अनुरोधों को तेजी से संसाधित करने में मदद करेगा।
- इसरो ने आईएमएस-1 सैटेलाइट बस टेक्नोलॉजी के हस्तांतरण की घोषणा की हैं। इसके तहत इसरो द्वारा एक निजी फर्म को यह तकनीक हस्तांतरित करना शुरू कर दी गई है। यह कंपनी बेंगलुरू स्थित अल्फा डिजाइन टेक्नोलॉजी हैं। स्थानांतरण की सुविधा इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड द्वारा हस्ताक्षरित एक समझौते के जरिये की गई थी।
- जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने अपने 108वें स्थापना दिवस के अवसर पर 75 एंडेमिक बर्ड्स ऑफ इंडिया नामक एक हालिया प्रकाशन का अनावरण किया। यह प्रकाशन एक आश्चर्यजनक तथ्य पर प्रकाश डालता है। भारत की पक्षियों की प्रजातियों का एक उल्लेखनीय 5% पूरी तरह से देश की सीमाओं के भीतर ही सीमित है, जिससे वे सच्चे एवियन खजाने बन जाते हैं जो ग्रह पर कहीं और रिपोर्ट नही किए जाते हैं। 1353 प्रलेखित पक्षी प्रजातियों के एक प्रभावशाली संग्रह के साथ, भारत वैश्विक एवियन विविधता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा समेते हुए है।
- एचडीएफसी बैंक के शशिधर जगदीशन 10.55 करोड़ रूपये के कुल भुगतान के साथ बीते वित्त वर्ष में सर्वाधिक भुगतान पाने वाले किसी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के तौर पर उभरे है। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार जगदीशन के सहकर्मी और एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरूचा को बीते वित्त वर्ष में 10 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया, जो संभवतः देश में सबसे ज्यादा भुगतान पाने वाले दूसरे बैंककर्मी हैं।
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने घोषणा की कि 250 करोड़ रूपये से अधिक सालाना कारोबार वाले सभी फार्मा उद्योगों को छह महीने के भीतर अनिवार्य रूप से अच्छी विनिर्माण प्रथाओं को अपनाना होगा। 250 करोड़ रूपये से कम राजस्व वाली फार्मा कंपनियों को एक साल के भीतर अच्छी विनिर्माण पद्धतियां अपनानी होगी।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ओर स्वास्थ्य मंत्रालय सक्रिय रूप से राष्ट्रीय ऑर्गन डोनेशन रजिस्ट्री के विकास में जुटे हुए हैं, जिसका उद्देश्य नेशनल ऑर्गन टिश्यू, ट्रांसप्लांटेशन आर्गेनाईजेशन में संरचनात्मक सुधार प्रस्तुत करना है।
- मंत्रालय ने नया सवेरा योजना को लागू किया, जिसे फ्री कोचिंग एंड अलाइड योजना के नाम से भी जाना जाता है, जिसका उद्देश्य छह अल्पसंख्यक समुदायों से संबंधित छात्रों/उम्मीदवारों की सहायता करना हैं। इसके तहत उन्हें विशेष कोचिंग दी जाएगी ताकि वे योग्यता परीक्षाओं में सफल हो सकें। इन समुदायों में सिख, जैन, मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध और पारसी शामिल हैं।
- फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन द्वारा दी गई रिपोर्ट के अनुसार फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन ऑल राइस प्राइस इंडेक्स में जुलाई में पिछले महीने की तुलना में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसका औसत मूल्य 129.7 अंक था। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि से लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है और सितंबर 2011 के बाद से देखा गया सबसे ऊंचा स्तर है।
- बेंगलुरू के 13 वर्षीय प्रतिभाशाली कोप्पाराम श्रेयस हरीश की चेन्नई के मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में एमआरएफ एमएमएससी एफएमएससी इंडियन नेशनल मोटरसाइकिल रेसिंग चैंपियनशिप के तीसरे दौर में दुर्घटना के बाद लगी चोटों के कारण मौत हो गई।

BABA PSYCHO

# BABA PSYCHO

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 10 अगस्त (B) 11 अगस्त
(C) 12 अगस्त (D) 13 अगस्त

**(C)** विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। इसे मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 17 दिसंबर 1999 को की गई थी। जिसका उद्देश्य युवाओं के मुद्दों पर दुनिया भर का ध्यान आकर्षित करना हैं। 17 दिसंबर 1999 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने संकल्प 54/120 में इसका समर्थन करते हुए 12 अगस्त को अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाना घोषित किया। जिसके बाद वर्ष 2000 में इसे पहली बार मनाया गया।




**2. विश्व हाथी दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 11 अगस्त (B) 12 अगस्त
(C) 13 अगस्त (D) 14 अगस्त

**(B)** विश्व हाथी दिवस हर साल 12 अगस्त को मनाया जाता हैं। इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम से लोगों और संगठनों को उन खतरों से सूचित किया जाता है जिससे हाथियों को दिन-प्रतिदिन सामना करना पड़ता हैं। हालांकि लोगों के बीच हाथियों के प्रति प्यार और स्नेह स्वयं दिखाई देता है फिर भी इन्हें विलुप्त होने से बचाने के लिए विशेष देखरेख की जरूरत है।




**3. हाल ही में हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसीजन नामक किताब को किसके द्वारा लिखा गया है ?**

(A) सतीश कौशिक (B) अभय के.
(C) नीरजा चौधरी (D) आंचल राणा

**(D)** हाउ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड नामक किताब वरिष्ठ पत्रकार नीरजा चौधरी द्वारा लिखी गई है। इस नई किताब में दावा किया गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कई आरएसएस नेताओं के साथ अच्छे संबंध थे, लेकिन उन्होंने संगठन और खुद के बीच सावधानी से दूरी बनाए रखी।




**4. हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतनेट परियोजना के अगले चरण के लिए कितने करोड़ के आवंटन को मंजूरी दी है ?**

(A) 1.5 करोड़ (B) 1.39 करोड़
(C) 2.5 करोड़ (D) 3.1 करोड़

**(B)** हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतनेट परियोजना के अगले चरण के लिए 1.39 करोड़ के आवंटन को मंजूरी दी हैं। यह भारतनेट के लिए केंद्र द्वारा अनुमोदित तीसरा ऐसा पैकेज हैं। इसका उद्देश्य देश के दूर दराज के इलाकों में 5जीं नेटवर्क उपलब्ध कराना हैं। इसके जरिये सरकार अगले 2.5 वर्षो में सभी 6,40,000 गांवों को जोड़ने की प्रक्रिया में तेजी लाएगी।



**5. विश्व संस्कृति दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 11 अगस्त (B) 12 अगस्त
(C) 13 अगस्त (D) 14 अगस्त

**(B)** विश्व संस्कृति दिवस 12 अगस्त को मनाया जाएगा। इंडो यूरोपीय भाषाओं को समूह से संबंधित यह प्राचीन भारतीय भाषा यानि संस्कृत भाषा एक सुंदर भाषा है और हजारों सालो से यह श्रेष्ठ भाषा हमारी संस्कृति का अंग बनी हुई है। इस दुनिया में जितनी भी भाषाएं है उन सभी भाषाओं में से देवों की भाषा यानि संस्कृत को सभी भाषाओं की जननी यानि मां कहा गया है।



**6. भारत ने श्रीलंका की डिजिटल पहचान परियोजना के लिए कितने करोड़ रूपये की वितीय सहायता प्रदान की ?**

(A) 15 करोड़ रूपये (B) 27 करोड़ रूपये

(C) 40 करोड़ रूपये (D) 45 करोड़ रूपये

**(D)** भारत ने श्रीलंका की विशिष्ट डिजिटल पहचान परियोजना का समर्थन करने के लिए 45 करोड़ रूपये की वितीय सहायता प्रदान की हैं। यह कदम श्रीलंका के डिजिटलीकरण कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। परियोजना का मुख्य उद्देश्य चेहरे, आईरिस और फिंगरप्रिंट डेटा सहित जीवनी संबंधी और बायोमेट्रिक जानकारी एकत्र करना है।



**7. हाल ही में प्रधानमंत्री ने कितने रेलवे स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ किया ?**

(A) 7 (B) 11

(C) 13 (D) 15

**(C)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो लिंक के माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना का शुभारंभ किया, जिसके माध्यम से राज्य में 13 रेलवे स्टेशनों के पुनर्जीवन का प्रारंभ किया गया। अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य राष्ट्र भर में 1309 रेलवे स्टेशनों की ट्रांस्फोर्मिंग करना है, यात्रियों के अनुभव को सुधारकर उन्हें वर्ल्ड क्लास ट्रेवल हब्स बनाना है।



**8. भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के संदर्भ में भारत छोड़ो का नारा किसके द्वारा दिया गया था ?**

(A) जवाहरलाल नेहरू (B) युसुफ मेहर अली

(C) महात्मा गांधी (D) अरूणा आसफ अली

**(B)** अगस्त महीना भारत के सबसे महत्वपूर्ण स्वतंत्रता आंदोलनों में से एक भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत का प्रतीक रहा हैं। भारत छोड़ो आंदोलन ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा शुरू किया गया अंतिम सामूहिक अभियान था। महात्मा गांधी ने ग्वालिया टैंक मैदान में दिए अपने भाषण में करो या मरो का आहवान किया था।



**9. हुन मुनैट को हाल ही में किस देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है ?**

(A) कंबोडिया (B) थाईलैंड

(C) ताइवान (D) सिंगापुर

**(A)** कंबोडियाई नरेश नोरोडोम सिहामोनी ने हाल ही में हुन मैनेट को कंबोडिया का नया प्रध ाानमंत्री बनाया गया हैं। हुन मैनेट पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के पुत्र हैं। कंबोडिया नरेश नोरोडोम सिहामोनी द्वारा एक शाही फरमान जारी कर बताया गया कि संसद के 7वें जनोदश के लिए डॉ. हुन मैनेट की कंबोडिया साम्राज्य के प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है।



**10. हाल ही में विश्व के महासागरों का तापमान कितने डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है ?**

(A) 10.88 डिग्री सेल्सियस (B) 15.75 डिग्री सेल्सियस

(C) 20.96 डिग्री सेल्सियस (D) 25.99 डिग्री सेल्सियस

**(C)** महासागर अपने अब तक के सबसे गर्म तापमान पर पहुंच गए हैं क्योंकि उन्होंने जलवायु परिवर्तन से गर्मी को अवशोषित कर लिया हैं। यूरोपीय संघ की जलवायु परिवर्तन सेवा के अनुसार औसत दैनिक वैश्विक समुद्री सतह तापमान ने 2016 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है क्योंकि यह 20.96 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

